जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2013/991 दिनांक : 24/04/2013

// अधिसूचना //

विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक–बी0ए0/बी0एस0सी0/बी0कॉम0/बी0एस0सी0 (होमसाइंस) षष्टम सेमेस्टर परीक्षा अप्रैल/मई 2013 विश्वविद्यालय की पूर्व घोषित समयसारिणी के अनुसार निर्धारित तिथि दिनांक 26 अप्रैल 2013 से प्रातः 7.00 से 10.00 बजे की पाली में प्रारंभ होंगी।

दिनांक 26 अप्रैल 2013 से बी0कॉम0, बी0एस0सी0 (होमसाइंस) षष्टम सेमेस्टर की एवं दिनांक 27 अप्रैल 2013 से बी0ए0, बी0एस0सी0 षष्टम सेमेस्टर की परीक्षायें प्रारंभ होगी।

विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षायें सम्पादित कराने की सम्पूर्ण तैयारी कर ली गयी है, प्रश्न–पत्रों को परीक्षा केन्द्रों पर पहुॅचाने एवं छात्रों के प्रवेश पत्रों को महाविद्यालयों के लॉगिन पर उपलब्ध करा दिया गया हैं, जहॉ से डाउनलोड कर महाविद्यालय संबंधित छात्रों को प्रवेश–पत्र वितरित करें। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर नकल की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने हेतु विश्वविद्यालयीन उड़नदस्तों का जिलेवार भी गठन किया गया है।

छात्रों से अनुरोध है कि वह समय पर परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित हों, साथ ही केन्द्राध्यक्षों से भी यह अनुरोध है कि यदि किसी छात्र ने परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत नहीं किया है तो उसे प्रथम प्रश्न–पत्र में अडंरटेकिंग के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित कराया जाये और उसके पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया को पूर्ण करायें।

प्राचार्यगणों से परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा के साथ।

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

C Shinde

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान सम्पादक .... की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
3. अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर–चम्बल संभाग, मोतीमहल, ग्वालियर।
4. उप–कुलसचिव/सहा–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वा0।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीविवि, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (परीक्षा)